उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार
UTTARAKHAND SANSKRIT UNIVERSITY, HARIDWAR
हरिद्वार–दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग,
HARIDWAR-DELHI NATIONAL HIGHWAY
पो0–बहादराबाद (हरिद्वार)–249402
P.O. : BAHADARABAD (HARIDWAR)-249402
E-mail : registrar@usvv.ac.in Website : www.usvv. ac.in

पत्रांक 1048 / छात्रवृत्ति / 2023–24 दिनांक 30 जनवरी, 2024

आवश्यक सूचना

मा. कुलपति महोदय के अनुमोदन के क्रम में विश्वविद्यालय परिसर में अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं से शैक्षिक सत्र 2023–24 के लिए निर्धनता एवं मेरिट छात्रवृत्ति (विषयवार तथा कक्षावार) हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं। छात्रवृत्ति हेतु आवश्यक दिशा निर्देश निम्नवत् हैं :–

1. निर्धनता एवं मेरिट छात्रवृत्ति हेतु विश्वविद्यालय परिसर में अध्ययरत नियमित छात्र / छात्रा ही पात्र होंगे।
2. मेरिट छात्रवृत्ति हेतु शैक्षिक सत्र 2022–2023 में विषयवार तथा कक्षावार सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र / छात्रा ही पात्र होंगे, जिसका सत्यापन परीक्षानुभाग द्वारा किया जाएगा।
3. निर्धनता छात्रवृत्ति हेतु शैक्षिक सत्र 2023–2024 में विषयवार तथा कक्षावार न्यूनतम वार्षिक आय वाले छात्र / छात्रा पात्र होंगे। जिसका निर्धारण सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत अभिभावक के बीपीएल कार्ड अथवा आय प्रमाण–पत्र से किया जाएगा। छात्र / छात्रा के अभिभावक की वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।
4. आवेदनकर्ता को, आवेदन पत्र के साथ इस आशय का शपथ–पत्र जमा करना अनिवार्य होगा कि वह शैक्षिक सत्र 2023–24 में किसी भी स्रोत से कोई भी छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं कर रहा है / नहीं करेगा।
5. आवेदन पत्र के साथ निम्न अभिलेख अनिवार्य रूप से जमा करने होंगे – विभागाध्यक्ष द्वारा जारी अध्ययरत प्रमाण–पत्र, गत कक्षा का अंकपत्र एवं उपाधिपत्र, आधार कार्ड, राष्ट्रीयकृत बैंक की पासबुक की प्रति, आय प्रमाण–पत्र / बीपीएल कार्ड, शपथ–पत्र।
6. **आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि – 16 फरवरी, 2024**

अतः छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने वाले छात्र / छात्रा अन्तिम तिथि से पूर्व आवेदन पत्र भरकर सभी अभिलेखों सहित परिसर कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क किया जा सकता है।

(डॉ. सुमन प्रसाद भट्ट)
नोडल अधिकारी
छात्रवृत्ति

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, मा. कुलपति महोदय।
2. कुलसचिव।
3. वित्त नियन्त्रक।
4. उपकुलसचिव, परीक्षा।
5. विभागाध्यक्ष एवं प्रभारी विभागाध्यक्ष।
6. विश्वविद्यालय वेबसाइट।
7. सूचनापट्ट – अकादमिक भवन, प्रशासनिक भवन।
8. गार्ड फाइल

(डॉ. सुमन प्रसाद भट्ट)
नोडल अधिकारी
छात्रवृत्ति